Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:28 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:05 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 248 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 28 मार्च 2024

एनिमल में रणबीर के प्रदर्शन की ...पेज-3 पर

News

कॉर्नर

सीआईएसएफ के एक जवान ने खुद को मारी गोली

कोलकाता। सीआईएसएफ के जवान की हालत गंभीर है। फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोलकाता हवाई अड्डे पर गुरुवार सुबह अफरा-तफरी मच गई। यहां सीआईएसएफ के एक जवान ने आत्महत्या करने की कोशिश की। उसने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। बताया जा रहा है कि जवान की हालत गंभीर है। फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

माफिया अतीक का शूटर बल्ली पंडित गिरफ्तार

प्रयागराज। उमेश पाल हत्याकांड के मामले में संदिग्ध चल रहे बल्ली पंडित को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बमों का जखीरा बरामद हुआ है। रंगदारी के मामले में नाम आने के बाद पुलिस ने खोजबीन की तो वह पकड़ा गया। खुल्दाबाद में माफिया अतीक अहमद के शूटर बल्ली पंडित उर्फ सुधांशु त्रिवेदी ने बालू ठेकेदार को सरेराह तमंचा सटाकर दो लाख रंगदारी मांगी। 20 हजार रुपये भी ले लिए। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने रात में ही ताबड़तोड़ दबिश दी। साथ ही देर रात उसे चकिया से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 10 बम भी बरामद किए। थाने में देर रात तक उससे पूछताछ जारी थी। करेली के नयापुरा के रहने वाले श्याम पाल बालू-गिट्टी के ठेकेदार हैं। बुधवार शाम को वह खुल्दाबाद थाने पहुंचे। बताया कि 22 मार्च की रात लगभग आठ बजे वह दूध व खोवा लेने जा रहे थे। चौफटका पुल के नीचे उसे दो लोगों ने जबरन रोक लिया। उनमें से एक ने खुद को अतीक का शूटर बल्ली पंडित बताया। फिर कहा कि मैंने पहले भी तुम्हे कहलवाया था कि धंधा करना है तो दो लाख रुपये देना पड़ेगा। इतना कहते हुए तमंचा निकालकर उसके सीने में सटा दिया।

शिवसेना ने पीएम मोदी-अमित शाह को बनाया स्टार प्रचारक

नई दिल्ली
एजेंसी

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार आज से अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में यूपी की गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर समेत आठ सीटों पर वोटिंग होगी। तेलंगाना केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले घर-घर जाकर प्रचार किया। अपने इस तरीके पर रेड्डी ने कहा, कहा, इस चुनाव में हम हर गांव, हर घर तक जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए जो काम किए हैं उसे घर-घर जाकर बताएंगे... इस चुनाव में एक ही एजेंडा है, डोर टू डोर जाना, जनता से मिलना और उन्हें समझाना। तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा ने अपने चल रहे चुनाव अभियान के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में मौजूद होने के कारण आज प्रवर्तन निदेशालय(श्वष्ठ) के समन को छोड़ने का विकल्प चुना। कथित तौर पर कैश-फॉर-क्वेरी मामले में श्वष्ठ ने उन्हें तलब किया है। एनडीए की ओर से गया से लोकसभा उम्मीदवार हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा, सभी एक उम्मीद के साथ लड़ते (चुनाव) हैं, राजनीति के 44 वर्ष गुजर चुके हैं, कुछ और वर्ष बचे हैं, उस शक्ति को जनता की सेवा में लगाना है जिसके लिए आज हम अपना नामांकन दाखिल करेंगे। मैं जब मोदी जी के गठबंधन के साथ रहा तब भी और जब उनके गठबंधन के साथ नहीं रहा तब भी, प्रधानमंत्री ने मुझे कई मौके पर प्रतिष्ठा दी है। मैंने एक सपना देखा था कि विधायक बनूं और यह भी कि सांसद बनूं, आगे क्या होगा हमें इसकी चिंता नहीं है, हम कर्म पर विश्वास रखते हैं। पटना में जब बैठक (इंडिया गठबंधन की) हुई थी, तभी मैंने कहा था कि वे लोग ताश के पत्तों की तरह बिखर रहे हैं।

सीएम पद से हटाने की मांग वाली याचिका खारिज

दिल्ली हाईकोर्ट से सीएम केजरीवाल को बड़ी राहत

नई दिल्ली
एजेंसी

हाईकोर्ट आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने के मामले में सुनवाई हुई। याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

यह याचिका दिल्ली निवासी सुरजीत सिंह यादव ने दायर की थी, जो किसान और सामाजिक कार्यकर्ता होने का दावा करते हैं। उन्होंने अनुरोध किया था कि केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार एवं उपराज्यपाल के प्रधान सचिव से यह बताने को कहा जाए कि किस अधिकार के तहत केजरीवाल मुख्यमंत्री पद पर बने हुए हैं। एक वित्तीय घोटाले के आरोपी मुख्यमंत्री को सार्वजनिक पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

अरविंद केजरीवाल को सीएम पद से हटाने के लिए याचिकाकर्ता सुरजीत सिंह यादव ने कहा कि हाईकोर्ट में जो जनहित याचिका दायर की है। उसमें मैंने कई पहलूओं को बताया है। उन्होंने कहा कि पहला पहलू गोपनीयता का है। दूसरा जब वह कैबिनेट मीटिंग नहीं ले पाएंगे, मसलन- पिछली बार यमुना में बाढ़ के कारण कैबिनेट मीटिंग हुई थी और फैसले लिए गए थे, वो नहीं हो सकता।आगे तीसरा कारण बताते हुए कहा कि दिल्ली में सीएम हर विभाग के काम के बारे में दिल्ली एलजी को रिपोर्ट सौंपते हैं ऐसा भी नहीं हो सकता। सीएम की जिम्मेदारी संभालना और एक सीएम के रूप में जेल से काम करना संभव नहीं है। इसलिए कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में सीएम पद हटाने की मांग की है। एक सीएम के रूप में उन्हें जो मासिक वेतन मिलता है एक विधायक से भी ज्यादा होता है। इसलिए अगर वह सीएम के रूप में काम करने में सक्षम नहीं है तो उसे दिया गया पैसा वैध नहीं है।

भाजपा और पीएम पर निशाना साधा

आप नेता आतिशी ने भाजपा पर एक बार फिर तंज कसा है। आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि भाजपा के पास ज्यादातर चंदे का पैसा आरोपी कंपनी से आया है। जो पैसा इलेक्ट्रोरेल बॉन्ड से मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि प्रवर्तन निदेशाल के द्वारा यह इक्ट्ठा किया गया और फिर बांटा गया।

बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या, गुरुद्वारे में हमलावरों ने बरसाई गोलियां

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

थाना नानकमत्ता क्षेत्र में कार सेवा डेरा प्रमुख नानकमत्ता, बाबा तरसेम सिंह की मोटरसाइकिल से आए अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर घायल अवस्था में बाबा तरसेम सिंह को खटीमा में निजी अस्पताल ले जाया गया।

यहां बाबा तरसेम की उपचार के दौरान मौत हो गई। बाबा तरसेम सिंह की मौत की खबर से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल पर मौजूद लोगों से जानकारी ली। एसएसपी ने हत्यारोपी की तलाश में जुट गई। घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। बाबा तरसेम सिंह डेरा परिसर में टहल रहे थे। तभी बाईक सवार पर दो अज्ञात वहां पहुंचे और उन्होंने बाबा तरसेम सिंह पर फायरिंग कर दी। बाबा तरसेम सिंह पर फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। घटना को अंजाम देने के बाद बाईक सवार फरार होने में सफल हो गए। आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना कैद हो गई। एसएसपी ने बताया कि बाईक सवार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस की टीमें बनाई गई है और दबिश दे रही है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कैद बाईक सवार को चिन्हित की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जल्दी ही हत्यारोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया। पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हड़कंप

- अज्ञात बाईक सवार हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम
- पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद
- पुलिस की टीमें जुटी बाईक सवार की तलाश में, घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी

कक्षा एक में प्रवेश की न्यूनतम उम्र को लेकर संशोधित शासनादेश की मांग की

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड प्रदेश के विद्यालयों में इस वर्ष कक्षा एक में प्रवेश की न्यूनतम उम्र 6 वर्ष किए जाने को लेकर जारी शासनादेश के चलते आगामी अप्रैल 2024 से शुरु होने जा रहे शिक्षा सत्र में प्रवेश को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है।

बता दें कि नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम में प्रवेश की न्यूनतम उम्र सीमा 6 वर्ष के प्रावधान के चलते राज्य सरकार द्वारा भी इस आशय का शासनादेश जारी किया गया। परंतु शासनादेश में बालक या बालिका द्वारा शैक्षिक सत्र प्रारंभ होने की तिथि को अर्थात प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह की प्रथम तिथि या उसे पूर्व 6 वर्ष की आयु पूरी कर ली गई हो अंकित होने के कारण आगामी सत्र में प्रवेश की उम्र सीमा को लेकर भ्रम की स्थिति बन गई है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ तदर्थ समिति के प्रांतीय सदस्य मनोज तिवारी द्वारा इस मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत शिक्षा मंत्री एवं निदेशक सहित सभी स्तरों पर पत्राचार कर आवश्यक संशोधन करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा की वर्तमान शासनादेश में उम्र सीमा का निश्चित तिथि के अंतर्गत निर्धारण ना करते हुए इसके स्थान पर प्रवेश के समय 6 वर्ष की आयु रखता हो किया जाना चाहिए ताकि नौनिहालों का एक वर्ष बर्बाद होने से बच सके एवं साथ ही आगामी सत्र में कक्षा एक की छात्र संख्या शून्य होने की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने शीघ्र ही इस संदर्भ में संशोधित शासनादेश जारी करने की मांग की है।

सीएम योगी ने मुजफ्फरनगर में मंच से चौधरी साहब को किया याद

मुजफ्फरनगर
एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मुजफ्फरनगर पहुंचे हैं। यहां वह प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत चौधरी चरणसिंह को याद करते हुए की। उन्होंने कहा कि जबसे वोट सही हाथों में गया है तब से अराजकता समाप्त हो गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मुजफ्फरनगर लोकसभा के प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे हैं। सीएम योगी के कार्यक्रम के लिए सुबह से ही कार्यकर्ता पहुंचने शुरू हो गए। जिले के जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद स्कूल में आज कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान के चुनाव के लिए कार्यक्रम आहूत किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। सीएम योगी मंच पर पहुंच चुके हैं। कार्यक्रम अध्यक्षता रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने की। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने विचार रखे।

इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ मंच पर पहुंचे और चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए अपना संबोधन शुरू किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भागवत की भूमि को दुनिया शुकतीर्थ के रूप में जानती है। शुकतीर्थ को पुराना वैभव लौटाने का काम भाजपा सरकार ने किया। जनभावना के अनुरूप काम किया। दुनिया में किसी के पास पांच हजार साल पुराना इतिहास नहीं, लेकिन मुजफ्फरनगर के पास है। चौधरी साहब को सम्मान पहले मिलना चाहिए था। वर्ष 2004 से 2014 के बीच की सरकारों ने उन्हें यह सम्मान नहीं दिया। देश के विकास का रास्ता गांव और खलिहान से होकर जाता है, यह बात चौधरी साहब ने ही कही थी। सीएम योगी ने कहा कि समाज के नेतृत्व वर्ग से मिलने आए हैं। एक वोट देश की तकदीर बदल सकती है। वोट गलत हाथों में जाता था तो मुजफ्फरनगर में कर्फ्यू लगता था और सही हाथों में वोट जाने से कांवड यात्रा निकल रही है। गलत हाथों में वोट जाने के दिनों में यहां लोग आने से डरते थे। अब सही हाथों में वोट गया तो अराजकता समाप्त हो गई।

पानी के लिए तरसे देवीधुरा के ग्रामीण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

एक ओर जहां प्रदेश सरकार हर घर जल हर घर नल का राग अलाप रही है वहीं बिडंबना देखिए नैनीताल विधान सभा का देवीधुरा गांव के ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। बता दें कि वर्ष 2021 से डेढ़ करोड़ से ज्यादा की योजना के तहत पानी गांव में बने टैंक तक तो पहुंच गया लेकिन लोग अब भी पानी के लिए तरस रहे हैं। जनवरी का आश्वासन देकर मार्च में भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाया है।काबिलेगौर है कि नैनीताल जिला मुख्यालय से मात्र 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित देवीधूरा गांव में कई दशकों से लोग पीने के पानी की समस्या झेल रहे थे, जिसको देखते हुए 17 सितंबर 2021 को 189.38 लाख की देवीधूरा- कूण पेयजल पंपिंग योजना की शुरूआत की गयी, जिसके बाद जल निगम ने पंपिग योजना का काम शरू कर दिया था। योजना के तहत सौलिया में मुख्य टैंक तथा फिल्टर प्लांट के साथ ही

प्रतीक फोटो

देवीधूरा तक दो इंच की पाईप लाईन बिछा दी गई थी साथ ही टैंक भी बना दिए गए थे। देवीधूरा में घर घर पेयजल लाईन बिछाने के साथ अब पंप भी लगा दिया और टंकी तक पानी पहुंच चुका है लेकिन उसके बाद भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाया है। दूसरी ओर जल निगम की ओर से जनवरी 2024 में पानी घर- घर पहुंचाने की बात कही गई थी। अब मार्च माह भी निकलने वाला है लेकिन गांव में भी पानी न मिलने पर ग्रामीणों को पानी के लिए दर- दर भटकना पड़ रहा है जबकि जल निगम के अधिकारी कभी टैस्टिंग तो कभी लाईन टूटने की बात कह रहे हैं। अब लेबरों की छुट्टी का बहाना बनाया जा रहा है। मामले में नैनीताल तहसील के उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि जल निगम के अधिकारियों ये वार्ता कर जल्द ही ग्रामीणों को पानी मुहैया कराने के निर्देश दिए जाएंगे ताकि उन्हें बेवजह परेशानी का सामना न करना पड़े।

गोलूधार क्षेत्र में गहराया पेयजल संकट

नैनीताल। नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं का शिष्टमंडल बुधवार को जल संस्थान नैनीताल के दफ्तर में विभाग के अधिकारियों से मिला तथा उनको भवाली के पास स्थित गोलूधार क्षेत्र में गम्भीर पेयजल संकट के विषय में अवगत कराया। शिष्टमंडल में सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कुमार दुम्का समेत उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मोर्चा के नगर अध्यक्ष शाकिर अली, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार, वरिष्ठ नागरिक राम नारायण तथा हरीश बिष्ट आदि ने जल संस्थान के अधिकारियों को अवगत करते हुए बताया कि विगत कई दिनों से गोलूधार और उसके आस पास के क्षेत्रों में गम्भीर पेयजल संकट बना हुआ है जिस कारण स्थानीय निवासियों को अत्याधिक कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा। शिष्टमंडल में उपस्थित लोगों ने अति शीघ्र ही इस समस्या के समाधान की मांग की ।

नौकायन को लेकर नाव चालकों में हाथापाई

नैनीताल। मल्लीताल क्षेत्र स्थित बोट स्टैंड में पर्यटकों को नौकायन कराने को लेकर दो नाव चालकों में विवाद हो गया। नशे की हालत में दोनों नाव चालक हाथापाई पर उतर आए। सूचना के बाद पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई और दोनों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह मल्लीताल बोट स्टैंड में कुछ पर्यटक नौकायन के लिए पहुंचे थे। इस बीच नशे की हालत में दो नाव चालक उनको नौकायन कराने की बात पर आपस में भी झगड़ने लगे। देखते ही देखते दोनों के बीच जमकर हाथापाई हो गई। हंगामा होता देख लोगों ने पुलिस को भी सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली लेकर गई। जहां दोनों का मेडिकल परीक्षण करने पर शराब पीने की पुष्टि हुई। कोतवाली के एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मल्लीताल निवासी नवीन जोशी व आसिफ खान के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

नशे में धुत्त स्कूटी सवार ने एक राहगीर को मारी टक्कर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

तल्लीताल क्षेत्र में बुधवार को नशे में धुत्त स्कूटी सवार ने एक राहगीर को टक्कर मार दी,टक्कर मारने के बाद वह फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने उसका पीछा किया तो कुछ दूर जाकर उसकी स्कूटी से दीवार से टकरा गई। पुलिस ने उसे राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में उपचार दिलाकर चालानी कार्रवाई की। तल्लीताल थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह तल्लीताल गांधी चौक के समीप एक स्कूटी सवार युवक ने एक राहगीर को टक्कर मार दी। इस बीच राहगीरों ने युवक को रोकने का काफी प्रयास किया लेकिन वह स्कूटी लेकर फरार हो गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कांस्टेबल अमित गहलोत ने उसका पीछा किया तो वह माल रोड में तेज गति के चलते दीवार से टकराकर सड़क पर गिर कर चोटिल हो गया। राहगीरों से पूछताछ में बताया कि तेज गति से उसकी स्कूटी दीवार से टकरा गई। बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में उपचार व मेडिकल परीक्षण में युवक के नशे में होने की पुष्टि हुई। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने पर कैंट निवासी राजेश कुमार के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

नशे में आपस में लड़ रहे दो लोगों का किया चालान

नैनीताल। तल्लीताल क्षेत्र में बुधवार को शराब के नशे में आपस में लड़ रहे दो सगे नेपाली भाइयों का तल्लीताल पुलिस ने 151/ 107 तथा 116सीआरपीसी में चालान किया। उसके बाद दोनों को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जहां उनके परिजनों की ओर से उनकी जमानत करा ली गयी। तल्लीताल थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मनीष उर्फ राधे नेपाली पुत्र मान सिंह नेपाली और सागर नेपाली दोनो सगे भाई हैं जो दो दिन से आपस में शराब पीकर लड़ाई झगड़ा कर शांति भंग कर रहे थे। पुलिस के समझाने पर भी नहीं माने जिस पर बुधवार को दोनो को गिरफ्तार कर सिटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया जहां उनके परिवार जनों ने उनकी जमानत करा ली।

शीशमहल गौशाला का रोज निरीक्षण करें अधिकारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा (आईएएस) ने शीशमहल स्थित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया और मवेशियों के बाबत जानकारी ली। बताया गया कि गौशाला में 135 गौवंश है। इस पर नगर आयुक्त ने मानकों के अनुरूप चारे, पानी, चोकड आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने गर्मी के दिनों में पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीमार गौवंश का समय से इलाज कराने तथा दवाइयों की उपलब्धता प्रचुर मात्रा में बनाए रखने को भी कहा। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने अवगत कराया कि अधिकतर निराश्रित गौवंश बीमार है। उनका पशु चिकित्सकों तथा उनके सहयोगियों द्वारा प्रतिदिन इलाज किया जा रहा है किन्तु गंभीर रूप से चोटिल, पेट फूल जाने वाले से गौवंश की आयु 12 वर्ष से ऊपर की हो गई थी, समुचित चिकित्सा के उपरांत भी कुछ

गौवंश को बचाया नहीं जा सका। इस पर नगर आयुक्त ने पशुओं की प्रतिदिन जांच और इलाज हेतु निर्देशित किया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मुख्य पशु अधिकारी,, नैनीताल ने भी वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी हल्द्वानी को निर्देशित किया है।

इसके तहत पशुधन प्रसार आधिकारी तथा पशुधन सहायक का दल गठित करते हुए प्रतिदिन गौशाला का निरीक्षण करने को कहा गया है। साथ ही प्रतिदिन की रिपोर्ट मांगी है। इधर गौरक्षा जोगेंद्र राणा ने भी पशु चिकित्साधिकारी व नगर आयुक्त से राजपुरा व शीशमहल की अस्थायी गौशाला में गौवंशीय पशुओं की उचित देखभाल की मांग उठाई थी।

NEWS / फटाफट

आईएएस अधिकारी सेमवाल के स्वास्थ्य में सुधार

नैनीताल। सूबे के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हरि सिंह सेमवाल के स्वास्थ्य में अब काफी सुधार है। सेमवाल की धर्म पत्नी निर्मला सेमवाल ने कहा है कि महासु देवता की असीम कृपा के साथ सभी की दुआओं के चलते उन्हें दूसरा जीवन मिल पाया हैस अब उनकी तबियत में सुधार आया है। उनके उपचार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए सहयोग के प्रति समस्त सेमवाल परिवार ग्राम जखनोग खत लखवाड़ ने कृतज्ञता जताई है। बता दें कि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एच. पी. सेमवाल के ब्रेन स्टॉक के कारण उनकी तबियत बेहद गंभीर हो चली थी। उनके इलाज में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का अहम सहयोग रहा था। उनके तबियत में सुधार होने पर उनकी पत्नी निर्मला सेमवाल ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया है।

माल रोड पर जाम, जनता परेशान

अल्मोड़ा। वाहनों का दबाव बढ़ने से नगर की सड़कों पर रोजाना जाम की स्थिति पैदा हो रही है। बुधवार को नगर की प्रमुख सड़क माल रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही। सड़क पर दो पहिया से लेकर चौपहिया वाहन रेंगते रहे। आधे घंटे बाद किसी तरह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खोला तब जाकर पर्यटक और यात्री अपने गंतव्य को रवाना हो सके। नगर में पार्किंग का अभाव और सड़क किनारे वाहनों का पार्क होना आए दिन जाम का कारण बन रहा है लेकिन इससे मुक्ति दिलाने के ठोस उपाय नहीं हो रहे। यातायात प्रभारी दरबान सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव नामांकन के चलते वाहनों का दबाव बढ़ गया, इससे जाम की स्थिति पैदा हुई। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास हो रहे हैं।

प्रज्ज्वल ने सब जूनियर बॉक्सिंग में जीता कांस्य पदक

अल्मोड़ा। जिले के मुक्केबाज प्रज्ज्वल भंडारी ने नोएडा में 18 से 25 मार्च तक आयोजित सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। उनकी माता और कोच विद्या भंडारी ने बताया कि प्रतियोगिता में उन्होंने उत्तराखंड टीम की प्रशिक्षक के रूप में प्रतिभाग किया। बताया कि प्रज्ज्वल का चयन रोहतक में अप्रैल में प्रस्तावित राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए हुआ है। प्रशिक्षण शिविर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी दुबई में होने वाली सब जूनियर एशियन चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन

देहरादून

हमारे संवाददाता

विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर उत्तर नाट्य संस्थान और दून विश्वविद्यालय रंगमंच एवं लोक कला विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित समारोह का पहला दिन था। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्जलवन से की गयी उसके बाद वरिष्ठ रंगकर्मी एस पी ममगाईं को संयुक्त निदेशक सूचना के एस चौहान और एम् एस मंद्रवाल रजिस्ट्रार दून यूनिवर्सिटी ने नाट्या सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमें उन्हें एक प्रसस्ति पत्र और एक शाल भेंट की गयी और साथ में गयारह हज़ार रूपए की राशि दी गयी। ममगाईं पिछले कई वर्षों से रंगमंच की सेवा में अपना अमूल्य समय देते आये हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक नाटक उनकी विशेष्ता है।

इसके बाद समारोह का पहला प्रदर्शन संभव मंच परिवार के दो लघु नाटकों फट जा पंचधार और रहोगी तुम वहीं से हुआ। दोनों नाटक

महिला प्रधान हैं जिनमे एक मशहूर लेखक विद्यासागर नौटियाल जी कहानी है जो पहाड़ के महिला का दर्द बयां करती है।

इस अवसर पर उत्तरनाट्या संस्थांन के वरिष्ठ सदस्य रोशन धस्माना, उदय शंकर भट्ट, जाग्रति डोभाल, टी के अग्गरवाल, मंजुल मयंक मिश्रा और रंगकर्मी शिशिर शर्मा , स्वर्ण रावत, अविनंदा भी उपस्थित थे। इनके आलावा महिला समाख्या की पूर्व अध्यक्षा गीता गैरोला, पत्रकार फिल्मकार चांदवीर गायत्री भी मजूद रहे।

रंगमंच एवं लोक कला विभाग दून यूनिवर्सिटी के डॉ. अजीत पंवार और डॉ.राकेश भट्ट ने भी आयोजको की भूमिका में उपस्थित थे। मंच का कुशल संचालन श्री नवनीत गैरोला कर रहे थे।

बीडी पांडे जिला अस्पताल में हृदय रोगियों को ईको व टीएमटी की मिलेगी सुविधा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में आगामी 9 अप्रैल (मंगलवार) से हृदय रोगियों को ईको व टीएमटी की सुविधा भी मिलेगी। दोनों मशीनें जिला अस्पताल की कार्डियक यूनिट में स्थापित की जा चुकी हैं।

बता दें कि नैनीताल के जिला अस्पताल में कार्डियक यूनिट में हृदय रोग विशेषज्ञ प्रतिदिन लगभग 40 से ज्यादा मरीजों को उपचार देते हैं, अब तक अस्पताल में ईसीजी की रिपोर्ट के आधार पर ही मरीजों का उपचार किया जा रहा था। ईको के लिए अब तक मरीजों को हल्द्वानी जाना पड़ता था लेकिन अब ईको व टीएमटी जांच मरीजों को जिला अस्पताल में ही मिलेगी। स्वास्थ्य महानिदेशक डा.बिनीता साह के प्रयासों से जिला अस्पताल में मशीनों को स्थापित किया जा चुका है। अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा.तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि ईको व टीएमटी मशीन अस्पताल में स्थापित की जा चुकी है। बताया कि 9 अप्रैल से प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को दोनों मशीनों से मरीजों की जांच की जाएगी।

बताया कि इको मशीन से हार्ट अटैक की जाँच, हार्ट फंक्शन प्रतिशत की जाँच, दिल के छेद, पैदाइशी दिल की बीमारी, फैले हुए दिल, दिल के वॉल्व, लीकेज, खराबी व सिकुडन, दिल के नसों, थक्के व दिल में भरे पानी की जाँच की जाएगी जबकि टीएमटी मशीन से छाती के दर्द, दौड़ते समय दिल की धडक़न तथा दिल की सर्जरी, दिल के फंक्शन व पुराने दिल के मरीज और हार्ट अटैक के बाद दिल की जाँच की जा सकेगी।

अभिमत

वैज्ञानिकों का अपमान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तमिलनाडु के तिरुनेलवेली स्थित इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) के प्रक्षेपण परिसर में गगनयान के बारे में जानकारी लेने गये तो तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने विज्ञापन में चीन का स्टिकर चिपका दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक ने इसरो के वैज्ञानिकों का अपमान किया है। द्रमुक सरकार में कोई काम नहीं होता, बल्कि केन्द्र के विकास कार्यों एवं योजनाओं का झूठा श्रेय लिया जाता है। द्रमुक सरकार भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की प्रगति को देखने के लिए तैयार नहीं है और जनता के द्वारा भुगतान किये गये टैक्स से भ्रामक विज्ञापन करके सत्ता तथा धन का दुरुपयोग कर रही है।

भारत ने आजादी के बाद प्रगति के सोपान पर निरंतर ऊंचाई प्राप्त की है। परमाणु शक्ति बनने के बाद अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि की ओर बढ़ रहा है। अंतरिक्ष में मनुष्य को भेजने वाला दुनिया का चौथा देश बनने जा रहा है। गगनयान के माध्यम से चार मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजा जायेगा। हालांकि भारत के राकेश शर्मा ओर कल्पना चावला अंतरिक्ष में जा चुके हैं, लेकिन यह दोनों विदेशी अंतरिक्ष यान से गये थे। अब भारत अपना अंतरिक्ष यान और अपने ही यात्री भेज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तमिलनाडु के तिरुनेलवेली स्थित इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) के प्रक्षेपण परिसर में गगनयान के बारे में जानकारी लेने गये तो तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने विज्ञापन में चीन का स्टिकर चिपका दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक ने इसरो के वैज्ञानिकों का अपमान किया है। द्रमुक सरकार में कोई काम नहीं होता, बल्कि केन्द्र के विकास कार्यों एवं योजनाओं का झूठा श्रेय लिया जाता है। द्रमुक सरकार भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की प्रगति को देखने के लिए तैयार नहीं है और जनता के द्वारा भुगतान किये गये टैक्स से भ्रामक विज्ञापन करके सत्ता तथा धन का दुरुपयोग कर रही है। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने विधानसभा चुनाव के दौरान तीन राज्यों में भाजपा के सत्तारूढ़ होने पर उत्तर भारत के हिन्दी भाषी राज्यों पर भी अभद्र टिप्पणी की थी। भाजपा को हिन्दी भाषी राज्यों की पार्टी कहना अलगाववादी मानसिकता का परिचायक है। हिन्दी भाषियों को भी द्रमुक अपमानित करती रही है। करीब चार दशक पहले आल इंडिया रेडियो को आकाशवाणी सम्बोधित करने का केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आदेश दिया तो तमिलनाडु के नेता करुणानिधि ने देश को उत्तर और दक्षिण भारत में बांटने तथा हिन्दी के विरोध में प्रदर्शन तथा हिंसा भड़का दी। तमिलनाडु में हिन्दी भाषी राज्यों से विभिन्न सरकारी विभागों, निजी संस्थानों और उद्योगों में काम करने जाने वालों के साथ भी भेदभाव किया जाता है, जबकि उत्तर भारत में तमिलनाडु से आने वाले पर्यटकों और अन्य लोगों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाता है। सामान्य व्यक्ति के साथ दुर्भावना होती रही है और वह बर्दाश्त करता रहा है। अब तो प्रधानमंत्री और देश के वैज्ञानिकों के साथ भी विज्ञापन के माध्यम से अपमानजनक व्यवहार किया गया है। तमिलनाडु के लोग हिन्दी बोलने और समझने के बाद भी हिन्दी भाषी से तमिल अथवा अंग्रेजी में बात करते हैं, इसके ठीक विपरीत हिन्दी भाषी लोग अंग्रेजी में तमिलनाडु के लोगों से बात करते हैं तो वह तमिल में बोलकर गुमराह करने का प्रयास करते हैं।

एसएसबी जवान और व्यापारी के बीच मारपीट के बाद बवाल

पियौरागढ़

हमारे संवाददाता

धारचूला अंतरराष्ट्रीय झूलापुल पर एसएसबी के जवान और व्यापारी के बीच मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को एसडीएम मंजीत सिंह और सीओ परवेज अली की अध्यक्षता में कोतवाली में एसएसबी के अधिकारियों और व्यापारियों के बीच बैठक हुई।

धारचूला अंतरराष्ट्रीय झूलापुल पर एसएसबी के जवान और व्यापारी के बीच मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को एसडीएम मंजीत सिंह और सीओ परवेज अली की अध्यक्षता में कोतवाली में एसएसबी के अधिकारियों और व्यापारियों के बीच बैठक हुई।

नाराज व्यापारियों के साथ ही स्थानीय लोगों ने सीओ से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। बैठक में ब्लॉक प्रमुख धन सिंह धामी ने बताया कि झूला पुल पर एसएसबी के जवानों की ओर से चेकिंग के नाम पर बार-बार स्थानीय व्यापारियों के साथ ही लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा ने पुलिस प्रशासन की ओर से शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं होने पर झूला पुल और बाजार बंद करने की चेतावनी दी। व्यापार मंडल के महासचिव महेश गर्ब्याल, जनजाति व्यास संघर्ष समिति अध्यक्ष राजेंद्र नबियाल, सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र बुदियाल आदि ने झूलापुल पर एसएसबी के जवानों की ओर से स्थानीय लोगों के साथ हो रही घटनाओं के बारे में सीओ को जानकारी दी। बैठक में एसएसबी की ओर से एसी जुबैर अंसारी, कोतवाल कुंवर सिंह रावत, नरेश रायपा, प्रवेश नबियाल, शंकर गर्ब्याल सहित कई लोग मौजूद रहे।

एसएसपी ने दिए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश

रुद्रपुर। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला पुलिस की निरोधात्मक कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने अब तक पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध शराब में 160 मुकदमे पंजीकृत कर 158 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लगभग 7,259 लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद की। अवैध शस्त्र कार्रवाई में 39 मुकदमे पंजीकृत, 28 चाकुओं, 12 तमंचों व 13 कारतूसों के साथ 40 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। अवैध मादक पदार्थों की कार्रवाई में अब तक 7 अभियोग पंजीकृत, 1022 ग्राम चरस , स्मैक 79.35 ग्राम व 332 कैप्सूल /इंजेक्शन तथा 8 अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई। लाइसेंसी शस्त्र जमा की कार्रवाई में अब तक लगभग 7,055 लाइसेंसी शस्त्र जमा किए गए और कार्रवाई जारी। निरोधात्मक कार्रवाई में अब तक 508 मामलो में 4,175 के चालान किए गए तथा कुल 373 व्यक्ति पाबंद किए। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने को पुलिस पूरी तरह तैयार है।

चार घंटे इंटरनेट सेवा ठप, लोग परेशान

अल्मोड़ा। जिले में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की संचार सेवा चार घंटे से अधिक समय तक ठप रही। इंटरनेट सेवा ठप होने के साथ ही मोबाइल भी शोपीस बने रहे। ऐसे में जिले भर के 40 हजार से उपभोक्ता परेशान रहे तो सरकारी संस्थानों में भी कामकाज प्रभावित रहा। बुधवार दो बजे से बीएसएनएल की संचार सेवा ठप रही। लैंडलाइन से लेकर ब्राडबैंड सेवा ठप रहने से जिले के 40 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इंटरनेट सेवा ठप हो गई तो सिग्नल न होने से मोबाइल पर घंटी भी नहीं बजी। लोग सिग्नल खोजते रहे। वहीं सरकारी संस्थानों में इंटरनेट सेवा ठप रहने से कामकाज प्रभावित रहा। सेवा ठप होने से खरीदारी के लिए बाजार आए लोग मोबाइल से ऑनलाइन पेमेंट भी नहीं कर सके और उन्होंने नकदी के लिए एटीएम की दौड़ लगानी पड़ी। ऐसे में व्यापारियों को भी नुकसान झेलना पड़ा। शाम छह बजे के करीब सेवा संचालित होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व को समझाया

भीमताल

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में जागरूकता व्याख्यान

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में यूकोस्ट देहरादून द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय आईपीआर जागरूकता व्याख्यान माला के अन्तर्गत प्रो. एच सी चंदोला, डॉ. व्रिंस विमल , सरंश चतुर्वेदी, संजय शर्मा, डॉ. सन्दीप बुधानी एवं डॉ. सविता ने बौद्धिक संपदा अधिकार से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया गया। आईपीआर समन्वयक डॉ. मेहुल मानू द्वारा सभी वक्ताओं का स्वागत कर व्याख्यानमाला में प्रतिभाग करने के लिए धन्यवाद किया।

व्याख्यानमाला के पहले दिन प्रख्यात भौतिक शास्त्री प्रो. एच.सी. चंदोला, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व को समझाते हुए इसके वैश्विक परिदृश्य की चर्चा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर की। व्याख्यान माला के दूसरे दिन ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय देहरादून के डॉ. व्रिंश विमल ने पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया एवं इसकी जरूरत पर प्रकाश डाला। लखनऊ न्यायालय के अधिवक्ता सारंश पंत ने बौद्धिक संपदा के कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बौद्धिक संपदा प्रक्रिया को श्रोताओं से साझा किया। संजय शर्मा ने बौद्धिक संपदा अधिकार के अन्तर्गत ट्रेडमार्क से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

व्याख्यानमाला के अंतिम दिवस पर ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय भीमताल परिसर के डॉ. संदीप कुमार बुधानी ने कॉपीराइट के ऐतिहासिक पहलुओं को उजागर करते हुए, कॉपी राइट प्रक्रिया एवं इससे संबंधित विभिन्न जानकारी श्रोताओं से साझा की।

इस दौरान निदेशक, ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय, भीमताल परिसर, डॉ. मेहुल मानू, आईपीआर समन्वयक, डॉ. डी. एस. रावत, सहायक प्राध्यापक भौतिक विज्ञान, डॉ. निधि भट्ट, डॉ. आशीष साह सहित ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

फिल्मी दुनिया

एनिमल में रणबीर के प्रदर्शन की करीना ने की जमकर तारीफ



बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर इन दिनों फिल्म क्रू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। यह फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। करीना ने हाल ही में एनिमल में रणबीर कपूर की डार्क परफॉर्मेंस के बारे में खुलकर बात की। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित ये फिल्म एक दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें रणबीर एक अलग ही किरदार में नजर आए थे। फिल्म खूब विवादों में भी रही थी। अब करीना ने के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए कहा कि रणबीर की ईमानदारी ने उन्हें अपने किरदार की गहराई से उतरने में मदद की। करीना कपूर खान ने एक बातचीत के दौरान कहा, सहानुभूति आपके प्रदर्शन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह महसूस करना कि किरदार क्या महसूस कर रहा है और उस भावना को सामने लाना भी बहुत महत्वपूर्ण है। करीना ने रणबीर कपूर की तारीफ करते हुए उन्हें ऋषि कपूर और नीतू कपूर का कॉम्बिनेशन बताया है। अभिनेत्री ने कहा, %रणबीर के पास वह दृष्टिकोण और आत्मविश्वास है जो फिल्म इंडस्ट्री में किसी के पास नहीं है। मैं यह भी नहीं सोचती कि मैं पक्षपाती हूं। क्योंकि मैं सचमुच मानती हूं कि रणबीर कपूर जैसा कोई नहीं है। वह एक शानदार कॉम्बिनेशन हैं। क्योंकि चिंटू चाचा भी एक शानदार अभिनेता थे। वहीं नीतू चाची भी अच्छी अभिनेत्री हैं।

रिकॉर्ड तोड़ कमाई की

एनिमल ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। भूषण कुमार निर्मित और संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित यह फिल्म 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। इसमें रश्मिका मंदाना और रणबीर कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई। बॉबी देओल, अनिल कपूर और तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में थीं। करीना के वर्कफ्रंट की बात करें वह जल्द ही क्रू में दिखाई देंगी। यह 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसमें वह तब्बू और कृति सेनन के साथ स्क्रीन साझा करती हुई नजर आएंगी। क्रू के बाद करीना सिंघम अगेन में नजर आएंगी।

एडवांस्ड लेजर अस्पताल का शुभारंभ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी शहर के कैनाल रोड, हाइडिल शिव मन्दिर के नजदीक आज एडवांस्ड लेज़र अस्पताल का शुभारंभ माननीय निवर्तमान मेयर डॉ. जोगिंदर पाल सिंह रौतेला के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस मौके पर शहर के कई गण्यमान्य चिकित्सक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

कुमाऊँ क्षेत्र का पहला एकमात्र लेज़र द्वारा वैरिकोज एवं अन्य लेज़र सुविधाओं से सुसज्जित यह पहला अस्पताल होगा। अस्पताल के निदेशक डॉ पी के करण ने बताया कि अब कुमाऊं के लोगों को लेज़र द्वारा वैरिकोज, बवासीर, फिसर ,फिसटूला के इलाज के लिए कुमाऊँ से बाहर की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। 10 बेड के इस अस्पताल का एक बेड ग़रीब मरीजों के लिए रखी गई है।

इस अवसर पर हॉस्पिटल के प्रशासक डॉ. कृपाल सिंह बेलवाल, प्रमोद कुमार, बृजलाल अस्पताल के निदेशक डॉ.अजय पाल, अशोक पाल, डॉ. एम एस लसपाल, डॉ. दीपक अग्रवाल, डॉ. संजय सिंह, डॉ. अमरपाल सिंह, डॉ. रजत अग्रवाल, डॉ. प्रदीप पाण्डे, डॉ. समीर वर्मा, डॉ. वीना वर्मा, डॉ. टम्टा, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. अमित सुयाल, आदि वरिष्ठ चिकित्सक के साथ सीए मुकेश एवं उषा, जैन, भुवन भट्ट आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

News कॉर्नर

नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट पर भाजपा, कांग्रेस समेत कई अन्य ने नामांकन पत्र दाखिल किए

रुद्रपुर। रमेश कुमार पुत्र नरेश चन्द्र निर्दलीय,जीवन चन्द्र उप्रेती पुत्र मोती राम उप्रेती भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी,अजय भट्ट पुत्र कमलापति भट्ट बीजेपी, अखिलेश कुमार पुत्र धरमवीर सिंह अखिल भारतीय परिवार पार्टी,हितेश पाठक पुत्र कैलाश चन्द्र पाठक निर्दलीय, प्रकाश जोशी पुत्र नारायण दत्त जोशी कांग्रेस, अख्तर अली पुत्र अब्दुल कलीम बीएसपी ने बुधवार को नैनीताल ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के लिए जिला अधिकारी न्यायालय कक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर उदय राज सिंह के समक्ष अपने नामांकन दाखिल किए । नामांकन दौरान रिटर्निंग ऑफिसर ने प्रत्याशियों को संविधान की शपथ भी दिलाई। इस तरह नैनीताल ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र में कुल 10 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन कराए गए। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की स्कूटनी होगी । इस अवसर पर डेजिगनेटेड रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिष्ट मौजूद थे।

पर्यावरण संरक्षण और समय बचाएगी मेमू ट्रेन

काशीपुर। रेलवे ने पर्यावरण को ध्यान में देखते हुए डीजल से संचालित ट्रेनों के बदले यात्रियों को मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) ट्रेनों की सौगात दी है। रेलवे ने इस महीने किराया कम करने के साथ ही मेमू की यह दूसरी सौगात यात्रियों को दी है। लंबे समय से रामनगर-मुरादाबाद ट्रैक पर कई ट्रेनें डीजल से संचालित होती थीं जिससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ने के साथ ही रेलवे पर डीजल खर्च का भारी बोझ पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने इस पर तेजी से कार्य किया है। इससे यात्रियों काफी सुविधा होगी।

भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर, निर्दलीय बिगाड़ सकते हैं चुनाव समीकरण

नामांकन से पहले प्रत्याशी कुल देवताओं के दरबार में पहुंचे माथा टेकने

उत्तरांचल दीप

सलीम खान, हल्द्वानी

चुनाव का बुगल चढ़ते ही सभी प्रत्याशी सक्रिय होते नजर आ रहे है। सभी प्रत्याशी अपने अपने संगठन के लोगों को एकत्र कर जीत कामंत्र तरस रहे हैं। उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटों पर पहले चरण के मतदान के लिए बुधवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। प्रथम चरण में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होने हैं। पांचों लोकसभा सीटों के लिए भाजपा, कांग्रेस, बसपा समेत अन्य दलों और निर्दल के रूप में 63 प्रत्याशिय अपना भाग्य आजमाने के लिए मैदान में कूदे हैं। भाजपा, कांग्रेस और बसपा सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। सपा चुनाव मैदान में नहीं है सपा ने कांग्रेस को समर्थन दिया है। क्षेत्रीय दल के तौर पर उक्रांद भी चुनावी दंगल में उपस्थिति दर्ज करा रहा है। इसके साथ ही चुनाव के लिए मैदान में सज चुका है। चुनाव के महासमर में उतरे सूरमाओं ने अपनी रणनीति को धरातल पर उतारना प्रारंभ कर दिया है। उत्तराखंड में लोकसभा सीटों की संख्या भले ही पांच हो, लेकिन इनमें से चार महत्वपूर्ण हो गई हैं और वहां दिग्गजों की साख दांव पर है। भाजपा ने इन सीटों पर अल्मोड़ा से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, नैनीताल-ऊधम सिंह नगर से वर्तमान केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, गढ़वाल सीट से भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख व वर्तमान राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी और हरिद्वार से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को दो दो हाथ करने के लिए मैदान में उतारा है इस चुनाव में भाजपा ने पांच में से दो सीटों गढ़वाल व हरिद्वार में नए चेहरे उतारे हैं। टिहरी गढ़वाल सीट से प्रत्याशी वर्तमान सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती रहेगी। कांग्रेस की दृष्टि से देखें तो हरिद्वार सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की साख दांव पर है, जहां से उनके पुत्र वीरेंद्र रावत प्रत्याशी हैं। इसके अलावा गढ़वाल संसदीय सीट पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा सीट से पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा मैदान में हैं। बुधवार को नामांकन चुनाव के लिए भाजपा कांग्रेस बसपा सहित निर्दलीयों ने नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। अभी तक नामांकन के अवसर पर ही प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन नाम वापसी के बाद एक अप्रैल से राज्य में चुनाव प्रचार गति पकड़ेगा। यहां चोटी से तलहटी तक और गांव से शहर तक वादों व दावों की बयार बहेगी। इसके लिए राजनीतिक दलों ने चुनावी सभाओं, रोड शो समेत अन्य कार्यक्रम निर्धारित कर लिए हैं, जिन्हें अब धरातल पर उतारा जाएगा। साथ ही स्टार प्रचारकों के कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। नाम वापसी के बाद ही चुनाव प्रचार में तेजी देखने को मिलेगी। फिलहाल तो अभी तक सारे प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं लेकिन माना यह जा रहा है कि उत्तराखंड में भाजपा और कांग्रेस की सीधी टक्कर है लेकिन इन दोनों पार्टियों का खेल निर्दलीय प्रत्याशी बिगाड़ सकते हैं

व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार, बवाड़ी कार्यकारी जिलाध्यक्ष बने

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने जिला एवं युवा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने कार्यकारी जिलाध्यक्ष के रूप में जगदीश बवाड़ी (नैनीताल) और कार्यकारी युवा जिलाध्यक्ष के पद पर पंकज जोशी (भीमताल) को मनोनीत किया है।

उनके मनोनयन पर प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, प्रदेश मंत्री शांति जीना, प्रदेश संगठन मंत्री हितेंद्र भसीन, मदन फर्त्याल, दिगंबर वर्मा, प्रदेश संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा,पंकज कंसल,नदीम खान, जिला कोषाध्यक्ष लाला जायसवाल, सह जिला कोषाध्यक्ष विजय तिवाड़ी,

जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी,प्रमोद भट्ट,युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल, युवा जिला महामंत्री शिव कपूर,जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण पटवाल, भीमताल नगर अध्यक्ष सौरभ रौतेला, मल्लीताल नैनीताल नगर अध्यक्ष नेगी ,तल्लीताल नैनीताल अध्यक्ष मारुति नंदन साह ,महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल,जिला महिला अध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा युवा महानगर अध्यक्ष पवन वर्मा ,काठगोदाम नगर अध्यक्ष गोविंद भाकुनी, महामंत्री भुवन जोशी, देवलचौड़ अध्यक्ष पंकज प्रफुल्ल पांडे आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

इस बीच नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के संविधान का अनुश्रवण कर व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है।

द्वाराहाट में पेट्रोल पंप के पास पहुंची आग दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

द्वाराहाट-चौखुटिया सड़क पर स्थित पेट्रोल पंप के पास जंगल में आग लग गई। सूचना के बाद वन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बुधवार को पेट्रोल पंप के पास जंगल से आग की लपटें उठती देख लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। रेंजर मदन लाल ने तुरंत टीम को मौके पर भेजा और वन कर्मियों ने मोर्चा संभाला। दो घंटे बाद वन कर्मियों ने आग बुझाई। आग से आधे हेक्टेयर में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। इधर, आग बुझाने में तनुजा पाठक, प्रदीप चंद, पंकज तिवारी, भानु गिरी, ललित रौतेला, मनोज कुमार, राजेश बुधानी, बची राम आदि ने भी सहयोग किया। फायर सीजन में गर्मी बढ़ते ही जंगलों में आग की घटनाएं सामने आ रही हैं। अब तक इस फायर सीजन आठ घटनाओं में सात हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ चुका है। वन विभाग के मुताबिक लोग पिरूल जलाने के लिए जंगलों में आग लगा रहे हैं, लेकिन अब तक ऐसा करने वाला एक भी अराजक तत्व पकड़ में नहीं आ सका है।

*पेट्रोल पंप के पास जंगल में आग लगने की सूचना मिली थी। टीम को मौके पर भेजकर आग पर काबू पाया गया। वन विभाग जंगलों की सुरक्षा के लिए तत्परता से काम कर रहा है। -**मदन लाल, रेंजर, द्वाराहाट।***

ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने को समीक्षा बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने को लेकर माननीय उच्च न्यायालय में गतिमान जनहित याचिका में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने, सड़क व चौराहों के चौड़ीकरण करने के साथ ही प्रवर्तन कार्यवाही की प्रगति के संबंध में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर समीक्षा की ।

पर्यटकों को जाम की असुविधा से निजात दिलाने और ट्रैफिक व्यवस्था के सुधारीकरण के लिए विगत दिनों माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में ट्रैफिक रूट डाइवर्जन प्लान का ट्रायल किया गया है। जिसके ट्रायल के फीडबैक एवम् व्यावहारिकता के विषय में विचार विमर्श किया गया । जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित पीडब्ल्यूडी, पर्यटन, नगर पालिका परिषद, नगर निगम आदि विभागीय अधिकारियों को ट्रैफिक व्यवस्था सुधारीकरण के संबंध में किए जा रहे प्रयासों पर अपनी-अपने रिपोर्ट उपलब्ध कराने के साथ ही एसपी हरवंश सिंह को दिनांक 28 मार्च 2024 की शाम तक ट्रायल ट्रैफिक रूट डायवर्जन प्लान के संबंध में अपनी-अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बैठक में नगर आयुक्त हल्द्वानी विशाल मिश्रा, ईई पीडब्ल्यूडी, एसडीएम परितोष वर्मा, ईई पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड, प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय नैनीताल, सहायक नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी, अधिशासी अधिकारी द्वितीय नगर निगम हल्द्वानी, सहित आदि अन्य विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

सचिन तेंदुलकर करेंगे बाबा नीब करौरी के दर्शन

पंतनगर। पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर बृहस्पतिवार को कुमाऊं दौरे पर आ रहे हैं। वे बतौर मुख्य अतिथि पंतनगर में सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद उनका कैंची धाम दर्शन के साथ ही नैनीताल और कौसानी भ्रमण का कार्यक्रम बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सचिन और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर बृहस्पतिवार को पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से उनके सीधे कैंची धाम जाने की संभावना है, जहां दर्शन के बाद उनको नैनीताल में प्रवास करना है।

31वीं वाहिनी पीएसी में मतदान हेतु जागरूकता कार्यक्रम

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद में शत प्रतिशत मतदान हेतु ज़िला निर्वाचन अधिकारी / ज़िलाधिकारी उदय राज सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में 31वी वाहिनी पीएसी के कर्मचारियों तथा उसके परिवारों को मतदान देने हेतु स्वीप के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जहां बटालियन तथा उनके परिवार के सदस्यों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से 31वी वाहिनी पीएसी में वोट प्रदर्शित किया। इस मौके पर सेनानायक प्रीति प्रियदर्शनी ने सभी को मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने सभी कर्मचारियों तथा परिवार जनों के साथ मतदान हेतु हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी किया। उन्होंने सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। ड्यूटी में तैनात सभी कर्मचारियों को पोस्टल बैलट के माध्यम से वोट कराने हेतु बताया। इस अवसर पर सहायक सेनानायक तपेश कुमार चंद , ज़िला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन , जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध आदि मौजूद रहे।

मुरादाबाद निवासी युवक को तमंचा और कारतूस सहित किया गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र की बाजार पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बाईक सवार युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया।

पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात को बाजार पुलिस चौकी प्रभारी पंकज महर टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे। इसी बीच टीम गाबा चौक के पास पहुंची तो एक बाईक सवार सड़क किनारे खड़ा और पुलिस को देख वाहन को छोड़ भागने लगा। पुलिस ने पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम बिसारत पुत्र शहादत हुसैन निवासी मौहल्ला मुस्तबाबाद थाना कटघर जिला मुरादाबाद यूपी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास तमंचा और कारतूस बरामद हुए। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस संदिग्धों और शांति व्यवस्था के लिए चैकिंग की जा रही है। इसी बीच पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसके पास तमंचा मय कारतूस बरामद किया।

उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि बाईक सीज कर दी गई है। संदिग्धों पर पुलिस नजर रखे हुई है। पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह तमंचा किसी को बेचने के लिए आया था। पुलिस उस व्यक्ति की तलाश कर रही है। जिसे वह बेचने को आया।